श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18/2/2031 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलांतर्गत कल्याणपुर प्रखंड से तिरहुत मुख्य नहर के 536 RD बडहड़वा बखरी से निकलने वाली मेहसी वितरणी से कृषि कार्य के लिए पटवन हेतु जितने भी माइनर, सब माइनर या चैनल बनाए गए है उसमे से एक से भी पानी नहीं निकल रहा है, जिससे कृषि हेतु, सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार मेहसी वितरणी में सिंचाई सुविधा हेतु बनाए गए सभी सिंचाई श्रोतो को कबतक ठीक कर खेतो तक पानी पहुंचाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि पूर्वी चंपारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत तिरहुत मुख्य नहर के 163.53 कि0मी0 (536.39 RD) से मेहसी वितरणी निःसृत है। मेहसी वितरणी का रूपांकित जलश्राव 170 क्यूसेक है, जिसके विरूद्ध विगत खरीफ अवधि 2025 में 120 क्यूसेक जलश्राव प्रवाहित कराकर नहर के अंतिम छोर तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया गया है। विगत खरीफ सिंचाई अवधि में निर्धारित लक्ष्य 7031 हे0 के विरूद्ध 6555 हे0 क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मेहसी वितरणी से निःसृत लघु नहरों, उप लघु नहरों एवं फिल्ड चैनल में जंगल–झाड़ एवं गाद की सफाई का कार्य मनरेगा के माध्यम से कराने हेतु योजनाओं की सूची जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को उपलब्ध कराया गया है।

बिहार सरकार

<u>जल संसाधन विभाग</u>

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(मो0)–05–58/2026– **पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/2031 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(मो0)–05–58/2026– **पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मो0)–05–58 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मो0)–05–58 / 2026– 1058 पटना, दिनांक–27/02/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26.02.26

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

26.02.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo